अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में राजनीति शास्त्र विभाग द्वारा 12वाँ राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया

अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में दिनांक 25.01.2022 को राजनीति शास्त्र विभाग द्वारा 12वाँ राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया । महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता जी के निर्देशन में **"मतदाता जागरूकता"** विषय पर ऑनलाइन स्लोगन लेखन व पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य के साथ अन्य प्राध्यापकगणों और गैर शिक्षकों ने स्वतंत्र व निष्पक्ष मतदान की शपथ ली। तत्पश्चात प्राचार्य ने विद्यार्थियों को बिना किसी प्रलोभन व दबाव के अपने मतदान का प्रयोग करने का महत्व बताते हुए कहा कि सही प्रतिनिधि का चुनाव करके आप देश को विकास के मार्ग पर ले जा सकते हैं। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों को मतदान का महत्व बताना था। एक सशक्त लोकतंत्र के निर्माण में मतदान सबसे महत्वपूर्ण अधिकार भी है और ज़िम्मेवारी भी। इसलिए सभी को बिना किसी प्रलोभन के अपना मत योग्य उम्मीदवार को देना चाहिए और राजनीतिक प्रक्रिया में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए । इस प्रतियोगिता में 19 प्रतिभागियों ने भाग लिया। स्लोगन प्रतियोगिता में प्रिया, बी.ए द्वितीय वर्ष की छात्रा ने प्रथम स्थान, रिमझिम बी.ए प्रथम वर्ष ने द्वितीय स्थान व सुजाता , बी.ए प्रथम वर्ष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया । पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्रतिभा बी.ए द्वितीय वर्ष की छात्रा ने प्राप्त किया । रितिका बी.ए तृतीय वर्ष ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया व वैशाली , बी.ए प्रथम वर्ष की छात्रा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया । निर्णायक मंडल की भूमिका में डॉ. अशोक निराला , डॉ. पूजा सैनी और कुमारी उदिता कुंडू ने निभायी ।